# आंधी से उड़ा छप्पर, लोगों ने भागकर बचाई जान

▸ सांची के वार्ड 11 में तेज बारिश के दौरान हुआ हादसा

**सलामतपुर, 14 जून. रायसेन जिले के सांची नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 11 में शनिवार रात करीब 8 बजे आंधी और तेज बारिश के दौरान एक मकान का छप्पर उड़ गया. घटना के समय घर में परिवार के सदस्य मौजूद थे, जिन्होंने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचाई. जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 11 निवासी दलपत सिंह राजपूत के मकान की चादर एवं अंग्रेजी कवेलू वाली छत तेज हवाओं के कारण अचानक उड़ गई.**

छप्पर उड़ते ही उस पर रखे पत्थर और अन्य सामग्री घर के अंदर गिरने लगी, जिससे परिवार में अफरा-तफरी मच गई. घर के लोगों ने किसी तरह बाहर भागकर खुद को सुरक्षित किया. घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन घर के अंदर रखा घरेलू सामान बारिश के पानी और छत उड़ने से क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे परिवार को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है. पीड़ित परिवार ने घटना की जानकारी संबंधित अधिकारियों को देकर नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिलाने की मांग की है. परिवार का कहना है कि सूचना देने के बावजूद रविवार तक कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा. वहीं पटवारी द्वारा सोमवार को मौके का निरीक्षण करने की बात कही गई है.



### बारिश के पानी से सामान बर्बाद

छत उड़ जाने के बाद घर पूरी तरह खुल गया और तेज बारिश का पानी अंदर घुस गया। इससे घर में रखा घरेलू सामान, फर्नीचर और अन्य उपयोगी वस्तुएं भीगकर क्षतिग्रस्त हो गईं. पीड़ित परिवार के अनुसार इस घटना से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है. परिवार के अनुसार संबंधित अधिकारियों को घटना की जानकारी दे दी गई है. पटवारी द्वारा मौके का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किए जाने की बात कही गई है.

### बेगमगंज में एक घंटे झमाझम बारिश




**बेगमगंज, 14 जून.** नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में शनिवार शाम करीब छः बजे अचानक मौसम बदल और घंटे तक हुई झमाझम बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी और उमस से बड़ी राहत दिलाई. पिछले कई दिनों से तेज धूप और बढ़ते तापमान के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा था, लेकिन अचानक बदले मौसम और हुई जोरदार वर्षा से वातावरण सुहावना हो गया. दोपहर बाद आसमान में घने बादल छा गए और शाम तक तेज बारिश शुरू हो गई. बारिश के दौरान सड़कों पर पानी बहने लगा तथा लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की. कई स्थानों पर बच्चे और युवा बारिश का आनंद लेते नजर आए. वहीं किसानों के चेहरे भी खिल उठे, क्योंकि वर्षा को खरीफ फसलों की तैयारी के लिए लाभकारी माना जा रहा है. बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई और ठंडी हवाएं चलने लगीं, जिससे मौसम पूरी तरह खुशनुमा हो गया.

# सिलवानी में सिविल अस्पताल तैयार

▸ आज केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे लोकार्पण




**सिलवानी, 14 जून. क्षेत्रवासियों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है. सिलवानी में लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 50 बिस्तरों का अत्याधुनिक सिविल अस्पताल भवन बनकर पूरी तरह तैयार हो गया है. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार 15 जून को इस अस्पताल का लोकार्पण करेंगे.**

राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की दिशा में उठाया गया यह कदम सिलवानी एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों के हजारों लोगों के लिए वरदान साबित होगा. पहले 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में संचालित होने वाली स्वास्थ्य सेवा अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल के रूप में नई पहचान प्राप्त करेगी. स्टेट हाईवे-15 के किनारे लगभग पांच एकड़ भूमि पर निर्मित इस अस्पताल परिसर में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ चिकित्सकों के लिए दो एफ-टाइप और चार जी-टाइप आवासीय भवनों का निर्माण भी किया गया है. अस्पताल में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, आपातकालीन उपचार, आधुनिक ऑपरेशन थियेटर, जांच सुविधाएं तथा मरीजों और उनके परिजनों के लिए बेहतर प्रतीक्षा एवं विश्राम व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है. गौरतलब है कि वर्तमान में सिविल अस्पताल का संचालन वर्षों पुरानी भवन में किया जा रहा था, जहां भवन की जर्जर स्थिति के कारण मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता था. नए भवन के निर्माण से इन समस्याओं का स्थायी समाधान होगा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा. लोकार्पण समारोह में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पवार एवं पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत भी उपस्थित रहेंगे. क्षेत्र की जनता इस नई सौगात को लेकर उत्साहित है और इसे सिलवानी के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है.

### एक नजर में

## दीवानगंज में 4 दिन से लापता 60 वर्षीय जगदीश नायक



**सलामतपुर, 14 जून.** सलामतपुर थाना क्षेत्र के दीवानगंज गांव से लगभग 60 वर्षीय जगदीश नायक पिछले चार दिनों से लापता हैं. परिजन उनकी तलाश में लगातार जगह-जगह भटक रहे हैं, लेकिन रविवार तक उनका कोई सुराग नहीं लग सका है. मामले की शिकायत सलामतपुर पुलिस थाने में भी दर्ज कराई गई है. जगदीश नायक के बड़े बेटे राहुल नायक तथा छोटे बेटे की पत्नी प्रीति नायक ने बताया कि 10 जून को दोपहर करीब 3 बजे तक वे घर पर मौजूद थे. इसके बाद वे अचानक कहीं चले गए और तब से वापस नहीं लौटे. परिजनों ने रिश्तेदारों, परिचितों एवं आसपास के क्षेत्रों में उनकी काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी. परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट सलामतपुर थाने में भी दर्ज कराई गई है. परिवार ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को जगदीश नायक दिखाई दें या उनके संबंध में कोई जानकारी प्राप्त हो, तो तत्काल थाना सलामतपुर या चौकी पुलिस को सूचना दें. इसके अलावा परिजनों के मोबाइल नंबर 7389769836 पर भी जानकारी दे सकते हैं. इधर, सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी का कहना है कि गुम इंसान दर्ज कर आसपास थाना क्षेत्रों में जगदीश नायक की फ़ोटो भेजकर तलाश की जा रही है. हमारा पूरा प्रयास है कि शीघ्र ही बुजुर्ग को दस्तयाब कर लिया जाएगा.

## दो नाबालिग बहनें भोपाल रेलवे स्टेशन से बरामद

**रायसेन, 14 जून.** जिले के थाना देवनगर में धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत दर्ज प्रकरणों में अपहर्ता 02 नाबालिग सगी बहनों को पुलिस ने महज घंटे में भोपाल रेलवे स्टेशन से सुरक्षित बरामद कर लिया गया. प्रकरण पंजीबद्ध होते ही थाना प्रभारी देवनगर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर संभावित स्थानों पर तलाश प्रारंभ की गई. लगातार खोजबीन के आधार पर पुलिस टीम ने महज 06 घंटे के भीतर दोनों नाबालिग सगी बहनों को भोपाल रेलवे स्टेशन पर ढूंढ निकाला. समय दोनों बालिकाएं सुरक्षित एवं स्वस्थ पाई गईं. देवनगर पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से दोनों नाबालिग बालिकाओं को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किए जाने की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है. दोनों बालिकाओं को तलाशने में उपनिरीक्षक हरिओम अस्ताया (थाना प्रभारी), प्रधान आरक्षक हरवंश बघेल, प्रधान आरक्षक देवराव सूर्यवंशी, आरक्षक सुमित शर्मा की भूमिका रही.

# सिलवानी के 443 गांवों में पहुंचाया जाएगा नल से जल

▸ जल जीवन मिशन



**सिलवानी, 14 जून. जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिलवानी विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा विभिन्न समूह जल प्रदाय योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है. इन योजनाओं के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र के 443 ग्रामों को लाभान्वित किया जाएगा.**

योजनाओं के कार्य विभिन्न चरणों में प्रगतिरत हैं तथा कुछ क्षेत्रों में नियमित जल प्रदाय भी प्रारंभ हो चुका है. जानकारी के अनुसार सेमरी जलाशय आधारित बेगमगंज-गैरतगंज समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत सिलवानी विधानसभा क्षेत्र के 46 ग्रामों में 1 सितंबर 2024 से संचालन एवं संधारण व्यवस्था के तहत प्रतिदिन पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है. इस योजना की अनुबंधित लागत राशि 99.96 करोड़ रुपये है. वहीं सेमरी जलाशय आधारित बेगमगंज एक्सटेंशन-2 समूह जल प्रदाय योजना के तहत 95 ग्रामों में कार्य प्रगति पर है.

> इस योजना की अनुबंधित लागत राशि 86.93 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है. इसके अलावा बारना बांध आधारित गैरतगंज-सिलवानी समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत 99 ग्रामों में निर्माण कार्य जारी है. इस महत्वाकांक्षी योजना की अनुबंधित लागत राशि 273.99 करोड़ रुपये है. इसी प्रकार नर्मदा नदी आधारित समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत 203 ग्रामों में कार्य प्रगतिरत है. इस योजना की अनुबंधित लागत राशि 266.20 करोड़ रुपये है.

# सलामतपुर और आसपास के क्षेत्रों में बढ़ी बेरोजगारी




▸ काम की तलाश में युवाओं का पलायन जारी, नए उद्योगों की उठी मांग

**अदनान खान**

**सलामतपुर, 14 जून. रायसेन जिले के सलामतपुर, दीवानगंज और इसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों बेरोजगारी की समस्या एक विकराल रूप ले चुकी है. क्षेत्र में रोजगार के साधन सीमित होने और पूर्व में संचालित फैक्ट्रियों के बंद हो जाने के कारण स्थानीय युवाओं के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है.**

हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि हर साल सैकड़ों की संख्या में शिक्षित और कुशल-अकुशल बेरोजगार युवक काम की तलाश में बड़े शहरों जैसे भोपाल, इंदौर, गुजरात और महाराष्ट्र की ओर पलायन करने को मजबूर हैं. स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों ने अब शासन-प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान और क्षेत्र में नए उद्योग शुरू करने की पुरजोर मांग की है.

**युवाओं की प्रमुख मांगें निम्नलिखित हैं**

- बंद फैक्ट्रियों को पुनः चालू किया जाए: जो फैक्ट्रियां किन्हीं कारणों से बंद पड़ी हैं, उन्हें सरकारी मदद या निवेशकों के माध्यम से दोबारा शुरू कराया जाए.
- क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति (भोपाल से नजदीकी) को देखते हुए यहाँ नए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के लिए उद्योगपतियों को आकर्षित किया जाए.

### इनका कहना है

सलामतपुर दीवानगंज क्षेत्र में कई फैक्ट्रियां बंद हो चुकी हैं. लेकिन इसको दोबारा प्रारंभ किए जाने की दिशा में कोई काम नहीं किया जा रहा है. हजारों लोगों के बेरोजगार हो जाने के कारण उन्हें इधर उधर रोज़गार की तलाश में जाना पड़ रहा है. संगठन द्वारा ज्ञापन देकर सरकार से फैक्ट्री को पुन:शुरू एवं नए उद्योग लगाए जाने की मांग की गई है. अगर शीघ्र ही हमारी मांगे नहीं पूरी होती तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा.

**सुरेन्द्र मेहरा, अध्यक्ष बेरोजगार मजदूर संगठन सलामतपुर.**

हमने पढ़ाई-लिखाई इसलिए की थी कि अपने क्षेत्र में रहकर ही कुछ काम करेंगे और परिवार का सहारा बनेंगे. लेकिन यहां कोई काम ही नहीं है. सरकारें रोजगार के बड़े-बड़े दावे करती हैं, पर धरातल पर सलामतपुर का युवा आज भी भटकने को मजबूर है.'

**- कैलाश गोस्वामी, स्थानीय बेरोजगार युवा**

### औद्योगिक क्षेत्र बंद हुई कई फैक्ट्रियां

सलामतपुरद्व दीवानगंज क्षेत्र को कभी औद्योगिक विकास की धुरी माना जाता था. यहाँ लगी फैक्ट्रियों से न केवल स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता था, बल्कि बाजारों में भी रौनक रहती थी. लेकिन बीते कुछ वर्षों में प्रशासन की बेरुखी, बिजली-पानी की किल्लत और आर्थिक मंदी के चलते यहाँ की कई प्रमुख फैक्ट्रियां और मिलें एक-एक करके बंद हो गईं .फैक्ट्रियों के बंद होने से सैकड़ों मजदूर रातों-रात बेरोजगार हो गए. जो क्षेत्र कभी मशीनों की गड़गड़ाहट और मजदूरों की चहल-पहल रहती थी. आज वहां सन्नाटा है. बंद पड़ी औद्योगिक इकाइयों के कारण न सिर्फ युवाओं का भविष्य अंधकारमय हुआ है.

# केंद्रीय मंत्री के आगमन को लेकर तैयारी

▸ गैरतगंज में भाजपा जिला अध्यक्ष ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



**रायसेन, 14 जून.** आगामी 15 जून को गैरतगंज में आयोजित होने वाले लोककल्याण जन शिविर को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं. देश के केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रस्तावित आगमन के मद्देनजर रविवार को भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया.

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंच, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, सुरक्षा एवं आमजन की सुविधाओं सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की. उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और सफल बनाने पर जोर दिया.

भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि लोककल्याण जन शिविर के माध्यम से आम नागरिकों को शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के साथ उनकी समस्याओं का निराकरण भी किया जाएगा.

## जीवन में परिवर्तन का अटल नियम : शास्त्री

**बेगमगंज, 14 जून.** ग्राम पाड़ाझिर में श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिवस कथा व्यास पं. कमलेश कृष्ण शास्त्री ने कहा कि जीवन-सरोवर में उठने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों की प्रचण्ड तरंगें तथा विविध प्रकार की चुनौतियाँ चित्त को क्षुब्ध कर उसे अस्थिरता की ओर प्रवृत्त कर सकती हैं. ऋतुचक्र के समान ही जीवन में भी परिवर्तन का अटल नियम है. पतझड़ के बाद वसन्त का आगमन, अन्धकार के बाद प्रकाश का उदय तथा पराजय के पश्चात विजय की प्राप्ति निश्चित है. इस अटूट विश्वास का नाम ही आशावाद है.

# हनुमान मंदिर में सौंपा 'प्रार्थना पत्र'

▸ युवक कांग्रेस ने किया अनोखा विरोध प्रदर्शन

**रायसेन, 14 जून. जिले में युवक कांग्रेस द्वारा लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा को लेकर एक अनोखा विरोध प्रदर्शन किया गया. युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन सोलंकी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पवनपुत्र श्री हनुमान जी महाराज के चरणों में पहुंचकर देश के लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रार्थना की तथा प्रतीकात्मक रूप से एक प्रार्थना पत्र अर्पित किया.**

युवक कांग्रेस नेताओं का कहना था कि देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक व्यवस्थाओं को मजबूत बनाए रखना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है. इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर में एकत्र होकर लोकतंत्र की मजबूती, सामाजिक सौहार्द और जनहित के मुद्दों पर अपनी चिंता व्यक्त की तथा हनुमान जी महाराज से देश को सही दिशा प्रदान करने की कामना की. जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन सोलंकी ने कहा कि लोकतंत्र देश की सबसे बड़ी ताकत है और इसकी रक्षा प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि युवक कांग्रेस जनहित और लोकतांत्रिक मूल्यों की सुरक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी. कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता आनंद जाट, जीसी गौतम, पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल, रंजीत सिंह रघुवंशी, युद्धवीर सिंह पटेल, सांची युवक कांग्रेस अध्यक्ष शुभम ठाकुर, राजकुमार मीणा, मनोज अग्रवाल सहित जिले भर से पहुंचे वरिष्ठ कांग्रेसजन, बड़ी संख्या में युवक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# बेगमगंज में हुआ 20 हाजियों का स्वागत

**बेगमगंज, 14 जून. हज का मुक़द्दस फरीजा अदा करके आने वाले हाजियां के इस्तकबाल में शहर के मुफ़्ती , आलिम , हाफिज सहित बड़ी संख्या में दोनों समुदायों के लोग शामिल हुए. उन्होंने सभी 20 हाजियों का मुस्लिम त्यौहार कमेटी अध्यक्ष मो. आरिफ राईन एवं हाजी मुश्ताक के निवास स्थान पर अगवानी के साथ स्वागत किया.**



बेगमगंज से 20 हाजी व हज्जन जिनमें शब्बीर अहमद पत्रकार अपनी भांजी के साथ और छोटा मुन्ना अली दाना व उनकी एहलिया साहिबा और उनका बेटा शाद अली ,मो. फारुक , मुशर्रफ अली व उनकी एहलिया साहिबा एवं उनका बेटा जीशान अली व इज़हार खान , गुफरान मंसूरी व उनकी एहलिया साहिबा , शेख रशीद खां साहब, इकबाल मंसूरी साहब व उनकी एहलिया साहिबा नसीम खां मंसूरी साहब व उनकी एहलिया साहिबा, इर्तिजा खान साहब अपनी एहलिया साहिबा व बेटा जनाब दानिश खान के साथ हज करके लौटने पर लोगों ने पुरखुलूस खैर मकदम किया गया.

**गौसंवर्धन** ▸ - वीरपुर के युवाओं ने गौसेवा का दिया संदेश

# युवाओं ने गौशाला की गायों को खिलाई हरी घास

**बेगमगंज, 14 जून. ग्राम वीरपुर के युवाओं, गौभक्तों ने सलैया स्थित दयोदय गौशाला पहुंचकर गायों को अपने हाथों से हरी घास खिलाई और समाज को गौसेवा का संदेश दिया.**



भीषण गर्मी के चलते पशुओं के लिए हरे चारे की उपलब्धता कम हो गई है. ऐसे समय में ग्राम वीरपुर के युवाओं ने गायों के लिए हरी घास की व्यवस्था करने का संकल्प लिया. सभी युवा एकजुट होकर खेतों में पहुंचे और वहां से हरा चारा काटकर एकत्रित किया. इसके बाद चारे को ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर सलैया स्थित दयोदय गौशाला ले जाया गया. गौशाला पहुंचने पर युवाओं ने स्वयं गायों को हरी घास खिलाई तथा गौ माता के जयकारों के साथ सेवा कार्य किया. इस दौरान सभी के चेहरे पर संतोष और प्रसन्नता दिखाई दी. विशेष बात यह है कि यह कार्य पहली बार नहीं किया गया, बल्कि इससे पहले भी दो-तीन बार युवाओं द्वारा इसी प्रकार गौसेवा की जा चुकी है.

युवाओं ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में गायों और अन्य पशुओं को पर्याप्त हरा चारा नहीं मिल पाता, इसलिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आकर गौसेवा में अपना योगदान देना चाहिए. उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भी अपने सामर्थ्य अनुसार गौशालाओं और बेसहारा पशुओं की सहायता करें. ग्राम वीरपुर के युवाओं की यह पहल न केवल गौसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को भी मजबूत करने का प्रेरणादायक संदेश देती है.

# श्रीमद् भागवत कथा का हवन-पूजन के साथ समापन

**सिलवानी, 14 जून. नगर के बजरंग चौराहा स्थित श्री अनगढ़ हनुमान मंदिर परिसर के मंगल भवन में परम पावन पुरुषोत्तम मास के अवसर पर सिलवानी महिला मंडल द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन श्रद्धा, भक्ति और वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ. समापन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया.**



समापन दिवस की शुरुआत प्रात:काल मंगल भवन में विधि-विधान से हवन-पूजन के साथ हुई. यजमानों एवं श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की. हवन के पश्चात श्रद्धालुओं ने भगवान की आराधना कर आशीर्वाद प्राप्त किया.

इसके बाद प्रतिदिन की भांति अपने निर्धारित समय पर श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ. कथा के अंतिम दिवस पर कथा व्यास पंडित संजय शास्त्री ने सात दिवसीय कथा का सार प्रस्तुत करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य को धर्म, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का मार्ग दिखाती है. उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्तों के जीवन प्रसंगों तथा भागवत महापुराण के संदेशों का उल्लेख करते हुए कहा कि कथा श्रवण से मन को शांति, जीवन को नई दिशा और ईश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा प्राप्त होती है.

पंडित शास्त्री ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में भागवत के आदर्शों को अपनाएं तथा समाज में प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना को बढ़ावा दें.